हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

11 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी से दिखाई प्रतिभा



12 केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने लांच किए 2 पोर्टल



## खबर संक्षेप

### सांपलाः गाड़ी ओवरटेक से टोका तो की मारपीट

**सांपला।** नेशनल हाईवे नंबर 9 गांधरा मोड़ के पास कार के द्वारा गाड़ी को आवर टेक करने से रोकने पर दूसरे कार चालक और उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। पुलिस ने रोहतक सेक्टर 4 निवासी दीपक के बयान पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दीपक ने अपनी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी में अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर रोहतक अपने घर आ रहा था। गांधरा मोड़ के एक कार चालक ने गलत साइड में कट मारा जिससे हादसा होने से बच गया। जब गाड़ी चालक को जब उन्हें टोका तो कार में सवार 4 युवक नीचे उतरे और मुझे और बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**सांपला।** कस्बे के एसवी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा रही। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्रबंधक श्रीमती सविता मैनी ने अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य योगिता दीक्षित ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

### प्रदेश स्तरीय रविदासिया महासम्मेलन 23 को

**रोहतक।** हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन ने कहा कि हरियाणा रविदासिया समाज महासंघ के आह्वान पर 23 नवंबर 2025 को हिसार की नई अनाज मंडी में एक विशाल प्रदेश स्तरीय रविदासिया महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस महासम्मेलन में हरियाणा प्रदेश की सभी गुरु रविदास सभाएं, डॉ. भीमराव अंबेडकर सभाएं माता सावित्रीबाई फुले एवं रमा बाई सभाएं बड़ी संख्या में भाग लेने जा रही हैं।



### लूट की योजना बनाते चार युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान के तहत चार युवकों को राहगीरों को लूटने के इरादे से नौनंद रोड पर खड़े चार युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल व 8 रौंद बरामद हुआ है। सीआईए-2 स्टाफ उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि स्टाफ की टीम आईएमटी पुल सोनीपत रोड पर गश्त में मौजूद थी। गश्त के दौरान सूचना मिली कि आईएमटी नौनंद रोड पर चार युवक राहगीरों को लूटने की फिराक में है।

### बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन मंडल भाजपा रोहतक के काठ मंडी शक्ति केंद्र की बैठक अध्यक्ष मनीष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंडल महामंत्री रिंकू कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आगामी संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही गुरु तेग बहादुर की शोभा यात्रा के स्वागत हेतु पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। बैठक में जिला महामंत्री नितिन जैन, शक्ति केंद्र प्रमुख नीरज जांगड़ा, सुधीर शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, राकेश कलसन, हरिओम गोयल आदि मौजूद रहे।

**दिल्ली ब्लास्ट मामला :** अनंतनाग में काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने हिरासत में लिया था

# रोहतक की डॉ. प्रियंका से जम्मू कश्मीर पुलिस ने की पूछताछ

### परिवार बोला-बेटी बेगुनाह, किसी से कोई संबंध नहीं

*प्रियंका का परिवार लगातार दावा कर रहा है -उनका या उनकी बेटी का किसी भी तरह से आतंकी हमले के आरोपी आदिल या किसी अन्य संदिग्ध नेटवर्क से कोई संबंध नहीं। पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ा।*



**पूछताछ पूरी करने के बाद जांच एजेंसी ने उनका मोबाइल फोन कब्जे में लेलिया लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में शनिवार देर शाम रोहतक की रहने वाली डॉक्टर प्रियंका शर्मा को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। यह कार्रवाई लाल किले पर हुए ब्लास्ट प्रकरण की जांच से जुड़ी बताई जा रही है। पूछताछ पूरी करने के बाद जांच एजेंसी ने उनका मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया, जबकि डॉक्टर प्रियंका को बाद में जाने की अनुमति दे दी गई। इस घटना के बाहर आने के बाद परिवार और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। प्रियंका का परिवार लगातार यह दावा कर रहा है कि उनका या उनकी बेटी का किसी भी तरह से आतंकी हमले के आरोपी आदिल या किसी अन्य संदिग्ध नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। प्रियंका के पिता और भाई ने साफ कहा है कि उनके परिवार का इस तरह की किसी गतिविधि से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। प्रियंका सामान्य जीवन जीने वाली, अपने पेशे में पूरी तरह समर्पित एक डॉक्टर है।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते परिजन। फोटोः हरिभूमि

### भाई से बात करते वक्त पता लगा पुलिस आई

प्रियंका के भाई भारत ने बताया कि उनके पिता सतीश महम शुगर मिल में सिक्योरिटी टीम में तैनात हैं। वह सोनीपत रोडवेज डिपो में क्लर्क है। मां हाउस वाइफ है। शनिवार रात 9 बजे प्रियंका और मैं वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे। 5 मिनट बाद प्रियंका के हॉस्टल में पुलिस की टीमें आई और गेट खटखटाया। इसके बाद प्रियंका का फोन कट हो गया।

### एमडी करने के लिए 2023 में अनंतनाग गई डॉ प्रियंका

प्रियंका शहर में जनता कॉलोनी की रहने वाली हैं। वह झज्जर के डीघल गांव में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में डॉक्टर हैं। उन्होंने सोनीपत में खानपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की थी। फिलहाल वह 2023 से स्टडी लीव पर जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में जनरल मेडिसिन में एमडी करने के लिए गई हुई हैं। प्रियंका की शादी भिवानी के बजीना गांव में हुई थी। प्रियंका के पति अनिरुद्ध शर्मा भिवानी के सिविल अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर हैं। इसी सिलसिले में वह जम्मू कश्मीर में रह रही थीं। परिवार का कहना है कि वह रोजाना रात को घर पर वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत करती है और उनका दिनचर्या सामान्य और पारदर्शी है। भाई ने बताया कि प्रियंका को अचानक पूछताछ के लिए ले जाने की सूचना मिलने पर परिवार घबरा गया था, लेकिन बाद में स्थिति स्पष्ट होने पर थोड़ी राहत मिली।

### परिवार बोला पूछताछ में एजेंसी का किया सहयोग

परिवार का कहना है कि पूछताछ के दौरान भी प्रियंका ने जांच एजेंसी को स्पष्ट बताया कि उसका किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से कोई संपर्क नहीं है। उसने यह भी जानकारी दी कि मेडिकल स्टडी के दौरान वह अपने शैक्षणिक कामों में ही व्यस्त रहती है और अधिकतर समय हॉस्टल व अस्पताल में बीतता है। परिवार ने कहा कि यदि फोन से कोई भी तकनीकी जांच करनी है तो एजेंसियां करें, प्रियंका का कोई दोष नहीं है।

### लाल किला ब्लास्ट की छानबीन

इस मामले में जांच एजेंसी कर रही है जांच लाल किला ब्लास्ट मामले की जांच देशभर में कई स्थानों पर चल रही है, और कई बार एजेंसियां तकनीकी इनपुट के आधार पर संबंधित लोगों से पूछताछ करती हैं। फिलहाल जांच एजेंसी मोबाइल फोन की जांच कर रही है और कुछ डिजिटल इनपुट की पुष्टि की जा रही है। आगे की कार्रवाई जांच के परिणाम पर निर्भर करेगी। परिवार और स्थानीय लोगों की यही मांग है कि पूरे प्रकरण में जल्द स्पष्टता आए।

### डॉ. आदिल को लेकर जांच पड़ताल

प्रियंका के भाई का कहना है कि प्रियंका से डॉ. आदिल अहमद के बारे में पूछताछ की गई। आदिल इसी मेडिकल कॉलेज में प्रियंका का सीनियर था। वह यहां पोस्टेड भी रहा। इसी संबंध में टीमों ने उससे पूछताछ की। इसके बाद उसे छोड़ दिया गया। उनका किसी आदिल से कोई सम्बंध नहीं है।

### 12.30 बजे छोड़ा

भारत ने आगे बताया कि इसके बाद प्रियंका का फोन बंद हो गया। रात साढ़े 11 बजे जीजा अनिरुद्ध का मैसेज आया कि पुलिस ने प्रियंका को हिरासत में लिया है। रात साढ़े 12 बजे प्रियंका का फोन आया कि पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। उसका फोन पुलिस के पास ही है। जांच के लिए टीमों ने लैब में भेजा है।

**रोहतक में बढ़ते प्रदूषण पर प्रशासन सख्त**

# अब कक्षा 5 तक के बच्चों की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में चलेगी

हरिभूमि न्यूज



डीसी सचिन गुप्ता।

रोहतक। जिले में लगातार बिगड़ रही वायु गुणवत्ता को देखते हुए रोहतक प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कक्षा 5 तक के बच्चों की स्कूल पढ़ाई 'हाइब्रिड मोड' में संचालित करने के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त कार्यालय से रविवार को जारी आदेश में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से रोहतक का एयर क्वालिटी इंडेक्स बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। यह निर्णय एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन द्वारा 11 नवंबर को जारी दिशा-निर्देशों के बाद लिया गया है, जिनमें ग्रैप-3 के तहत दिल्ली-एनसीआर में सख्त प्रतिबंध लागू किए गए हैं। इसके साथ ही हरियाणा के निदेशक, माध्यमिक शिक्षा पत्र के आधार पर राज्य सरकार ने संबंधित उपायुक्तों को कक्षा 5 तक के स्कूलों के संचालन को लेकर निर्णय लेने का अधिकार दिया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आदेश में स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए जिले में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई हाइब्रिड मोड यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होगी। जहां ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध होगी, वहां बच्चों और अभिभावकों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई जारी रखें। स्कूलों को भी निर्देशित किया गया है कि वे बच्चों की सुविधा अनुसार दोनों मोड में शिक्षा सुचारू रखें। आदेश की प्रति माध्यमिक शिक्षा निदेशक हरियाणा, तकनीकी निदेशक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी, जिला इन्फॉर्मेटिक्स अधिकारी और जिला जनसंपर्क अधिकारी को भेजी गई है।

### बिहार की प्रचंड जीत पर लोजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी को दी शुभकामनाएं



**रोहतक।** लोकजन शक्ति पार्टी (रा) के कार्यालय रविवार को मीटिंग आयोजित की गई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने कहा कि बिहार में एनडीए की बंपर जीत ने पीएम मोदी की देश हित के नीतियों पर एक बार फिर से मोहर लगा दी है। मोदी को प्रधानमंत्री बने हुए ग्यारह साल से ज्यादा हो चुके हैं। लेकिन उनके मुकाबले आज भी विपक्ष नेता ठहर नहीं पा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी मुद्दे को लेकर बिहार की जनता सिरे नकार दिया। क्योंकि ये मुद्दा आधारहीन था। वोट चोरी हो रही थी तो कांग्रेस ने रोकी क्यों नहीं, ऐसा पांडेय ने कहा।

### महिला श्रमिकों को श्रम कानून, घरेलू एवं कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षा की जानकारी दी



**रोहतक।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा रविवार को श्रमिक सुरक्षा अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत संत रविदास मंदिर कलानौर में महिला श्रमिकों के लिए कानूनी जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला श्रमिकों को उनके अधिकारों, विधिक संरक्षण, कार्यस्थल पर सुरक्षा, महिला कल्याण योजनाओं तथा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना रहा। इस कार्यक्रम में अभियान के नोडल अधिकारी डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसल राजबीर कश्यप ने महिला श्रमिकों को विभिन्न श्रम कानूनों, घरेलू एवं कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षा, शिकायत निवारण तंत्र, तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित महिला श्रमिकों को पैंफलेट, हेल्पलाइन नंबर एवं जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला श्रमिकों में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें उपलब्ध कानूनी सहायता से जोड़ना रहा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रोहतक सदैव जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को कानूनी जागरूकता एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### श्री राम सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी, बीईओ ने किया अवलोकन



महम। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करती बीईओ सरिता खनगवाल।

**महम।** श्री राम सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के जरिए विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विज्ञान, नवाचार व पर्यावरण से जुड़े मॉडल, प्रयोग और परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। प्रमुख आकर्षणों में ऊर्जा संरक्षण, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जल-शोधन प्रणाली, स्मार्ट सिटी मॉडल तथा सतत विकास पर आधारित परियोजनाएँ शामिल रहीं। इस प्रदर्शनी में तारामंडल विशेष आकर्षण था सभी ने इसकी बहुत प्रशंसा की। खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना की और उनकी वैज्ञानिक सोच को प्रेरणादायक बताया। विद्यालय के निदेशक रमेश गिरधर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुसंधान भावना, तार्किक सोच और नवाचार का विकास होता है। विद्यालय की प्राचार्या कनिका गिरधर ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उनका प्रोत्साहन किया व सभी को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम विधालय में आयोजित किए जाएंगे।

### कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



रोहतक। इस्कॉन प्रचार समिति द्वारा इस्कॉन कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज गौकर्ण धाम में रविवार से 22 शनिवार तक हर रोज सायं 5.00 बजे से रात्री 8.00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा एवं नौका विहार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास साक्षी गोपाल दास की मधुर वाणी से भागवत कथा का वाख्यान करेंगे। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस भागवत कथा के लिए श्रीमद् भागवत कथा विशाल कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख के भाग लिया। कलश यात्रा को सनिध्य उपचार्य श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी कपिलपुरी, मुख्य यजमान एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, मुख्य यजमान मौजूद रहे।

**दिक्कत** हजारों की आबादी का जीना मुश्किल हुआ

# कबीर कॉलोनी में तालाब बना परेशानी का कारण, गंदगी और बदबू से लोग बेहाल

### मच्छर और अन्य कीटों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





जींद रोड स्थित कबीर कॉलोनी मंदिर के पास बने तालाब की दुर्दशा स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। तालाब में कई दिनों से फैली गंदगी, सड़ांध और मरा हुआ जीव जंतु लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। तालाब में मछलियां मृत अवस्था में पड़ी मिली हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है। इसी दूषित पानी से उठने वाली बदबू ने पूरे क्षेत्र के माहौल को असहनीय बना दिया है, जिससे हजारों की आबादी का जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी डॉ सतीश, बलवान सिंह, मनमोहन सिंह, सिकंदर, सुनील खासा, जयभगवान, शीला, कांता का कहना है कि यह समस्या एक-दो दिन की नहीं बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। बरसात के समय पानी भर जाता है और कई दिनों तक तालाब का पानी न तो बदला जाता है और न ही उसकी सफाई होती है। परिणामस्वरूप तालाब में सीवर जैसी गंदगी जम जाती है। इस जलभराव और दलदल के कारण मच्छर और अन्य हानिकारक कीटों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चिंता का एक और बड़ा विषय यह है कि इसी तालाब में आसपास के लोग अपने पालतू पशुओं विशेषकर भैंसों को नहलाने और पानी पिलाने के लिए लाते हैं। दूषित तालाब के पानी के कारण इन पशुओं के बीमार पड़ने का भारी खतरा है। पशु यदि बीमार होते हैं तो इससे आर्थिक रूप से किसानों को नुकसान होगा और साथ ही पूरी कॉलोनी में संक्रमण फैलने की संभावना भी बढ़ेगी।

### शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

नागरिकों ने कई बार इस समस्या को जिला प्रशासन के समक्ष उठाया है। शिकायतें भी दर्ज कराई गईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, जबकि तालाब की सफाई और उसमें जमा गंदगी को हटाने के लिए वास्तविक कार्यवाही अब तक नहीं की गई। क्षेत्रवासियों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से तालाब की सफाई की जाए, गंदे पानी को बाहर निकाला जाए और भविष्य के लिए स्थायी प्रबंधन किया जाए। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो यह तालाब स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा और महामारी का कारण बन सकता है। कबीर कॉलोनी के लोग अब प्रशासन से ठोस कदम उठाने और क्षेत्र को गंदगी और बदबू से मुक्ति दिलाने की अपील कर रहे हैं।

### पूर्व सैनिकों ने की महम में सीएसडी कैंटीन और सैनिक स्कूल खोलने की मांग



महम। खंड कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने पहुंचे महम क्षेत्र के पूर्व सैनिक।

**महम।** रविवार को महम क्षेत्र के पूर्व सैनिकों की एक बैठक खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में हुई। एक्ससर्विसमैन बैठक की अध्यक्षता बलबीर सिंह सहारन ने की। बैठक में बहलबा, खरकड़ा, मदीना, सैमाण, भैणी मातो, बेडवा, भैणी चंद्रपाल व बैंसी सहित कई गांवों के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। बलबीर सिंह सहारण ने कहा कि महम में सीएसडी कैंटीन खुलनी चाहिए। क्योंकि सीएसडी कैंटीन का यह मुद्दा बहुत पुराना है। महम क्षेत्र में 5500 पूर्व सैनिक हैं। सैनिक और सैनिक परिवार कैंटीन की सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने लंबा सफर तय करके विभिन्न जिला मुख्यालयों पर जाना पड़ता है। पूर्व सैनिकों ने बैठक में कहा कि महम इलाके के आस पास कोई सैनिक स्कूल भी नहीं है। इसलिए यहां पर सैनिक स्कूल खोला जाना चाहिए। 29 नवंबर को हिसार में पूर्व सैनिकों की एक बड़ी मीटिंग है। वहां पर भी इन दोनों मांगों को लेकर मांग पत्र दिया जाएगा। इस मौके पर अजय सिवाच, विनोद राठी, सूरजमल, विजय, जोगिंद्र गोयत, हिम्मत सिंह, कैप्टन राज सिंह, तकदीर सिंह, करतार सिंह व सुरेंद्र सिंह समेत कई पूर्व सैनिक मौजूद थे।



## अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style


# तमन्ना

## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला

## फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी




**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



## कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



## मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



## हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

टीवी मसाला



## अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

### तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं



और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजनेस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।



## दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें सक्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

## 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

### समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।





**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



## खबर संक्षेप



महम। लड़की की शादी के लिए महिला को नकदी भेंट करते सामाजिक कार्यकर्ता।

### गरीब कन्या की शादी में किया आर्थिक सहयोग

**महम।** बहलबा गांव में दो सामाजिक संस्थाएं गरीब लोगों की मदद के लिए आगे बढ़कर काम कर रही हैं। बहलबा सहायता समूह और सर्वजातिय सम्मान समिति बहलबा ने एक गरीब परिवार की लड़की की शादी के लिए 11 हजार रुपए कन्यादान किया है। साथ ही डबल बैड, अलमारी, सिलाई मशीन, संदूर, एक मेज, दो कुर्सी व एक कंबल भी भेंट किया है। दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी लड़की के घर पहुंचे और परिजनों को आर्थिक सहायता की।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सर्वजातिय सर्वखाप पंचायत के प्रधान अनिल कुमार राठी, पवन कुमार अहलावत, अनिल पूनिया, धीरज, प्रशांत और आनंद मौजूद थे।

## यात्रा के सुचारू संचालन व प्रबंधन को लेकर आदेश जारी

# रोहतक में किया जाएगा हिंद की चादर यात्रा का भव्य स्वागत

### अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को ऑवर ऑल इंचार्ज बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में आयोजित यात्रा का रोहतक में भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा के प्रबंधों को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। यात्रा 17 नवंबर को सुबह 10 बजे रोहतक में प्रवेश करेगी। गुप्ता ने बताया कि यात्रा के समुचित संचालन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को ऑवर ऑल इंचार्ज बनाया गया है। इसी प्रकार से यात्रा के प्रबंधों को लेकर रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यात्रा के दौरान संबंधित रूटों पर यातायात व्यवस्था प्रबंधन व कानून व्यवस्था प्रबंधन की जिम्मेदारी जिला पुलिस अधीक्षक को दी गई है। यात्रा मार्गों पर स्वच्छता, पेयजल व शौचालय से संबंधित जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा को दी गई है।



उपायुक्त सचिन गुप्ता

#### प्रदेशभर में विशेष कार्यक्रम

सचिन गुप्ता ने कहा है कि हिदायतों के अनुसार शहीदी दिवस यात्रा में किसी प्रकार का बैंड व डीजे इत्यादि शामिल नहीं होगा तथा शहीदी दिवस सादगी के साथ मनाया जायेगा। प्रदेश सरकार द्वारा हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है ताकि आमजन तक श्री गुरु तेग बहादुर जी के त्याग व बलिदान के संदेश को पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर को ही महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित राधाकृष्णन सभागार मे सायं 6:30 बजे श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन आदर्श एवं उनकी अमर विरासत पर आधारित लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा।

#### यात्रा के मार्ग और प्रशासनिक व्यवस्था

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र यात्रा के दौरान एंबुलेंस व डॉक्टर टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि विभिन्न गुरुद्वारों के पदाधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे जिला प्रशासन को इस अवसर पर पूर्ण सहयोग करें ताकि यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सके और नागरिकों को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो। सचिन गुप्ता ने बताया कि यात्रा 17 नवंबर को कलानौर से रोहतक जिला में प्रवेश करेगी। यात्रा भिवानी चुंगी, सुनारिया चौक, झज्जर चुंगी, शिवाजी कॉलोनी पार्क, पुरानी आईटीआई, लेबर चौक, अशोक चौक, अंबेडकर चौक, कैनाल रेस्ट हाउस, छोटूराम पार्क चौक, शांतमई चौक, भिवानी स्टैंड, गुरुद्वारा टिकाना साहिब, पुरानी सब्जी मंडी, गुरुद्वारा बंगला साहिब होती हुई लाखन माजरा गुरुद्वारा पहुंचेगी।



### सैनी धर्मशाला में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**रोहतक।** एमेल्टा स्टेट यूनिट हरियाणा की ओर से सैनी धर्मशाला में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज शामिल हुए। उन्होंने रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए कैम्प की सफलता के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया। शिविर में कुल 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। विशेष रूप से राजकुमार सैनी ने अपनी 100वीं बार और उनके पुत्र निखिल सैनी ने 10वीं बार रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। कैंप में रक्तदाताओं और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। पीजीआई के आई विभाग के एचओडी डॉ. आर.एस. चौहान की टीम ने 58 मरीजों की आंखों की जांच की और मुफ्त दवाएं वितरित कीं। आंख दान के लिए 55 लोगों ने संकल्प लिया। डेंटल विभाग के एचओडी डॉ. मंजुनाथ की टीम ने भी 55 मरीजों के दांतों की जांच कर निशुल्क दवाएं दीं।

## आरपीएस ने जीता गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करती हुईं छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एकबार फिर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित अंडर-11 राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आरपीएस के होनहारों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित आरपीएस स्टाफ ने सभी विजेताओं के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में छात्राओं के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आरपीएस महेंद्रगढ़ ने इस वर्ष का प्रतिष्ठित गर्ल्स स्टेट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के गर्ल्स ग्रुप डांस में प्रथम, गर्ल्स सोलो सॉन्ग में प्रथम, गर्ल्स सोलो डांस में द्वितीय, गर्ल्स ग्रुप सॉन्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्रों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और रनर-अप की ट्रॉफी पर कब्जा किया। पुरूष सोलो सॉन्ग में द्वितीय स्थान, पुरूष सोलो डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यार्थियों की सफलता उनकी लगन, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि यह जीत विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और प्रोत्साहन का प्रमाण है।

## वीर बिरसा मुंडा के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ वनवासी कल्याण आश्रम ने मनाया जनजाति गौरव दिवस

वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा की रोहतक इकाई द्वारा माधव कुंज, हुडा कॉम्प्लेक्स में जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक गंगा बिशन (खड़ी वाले) और डॉ. केदारनाथ ने दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर की। जिला संयोजक रमेश गोयल ने बताया कि देश की कुल जनसंख्या का लगभग 9 प्रतिशत, यानी करीब 12 करोड़ जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए वनवासी कल्याण आश्रम वर्ष 1952 से कार्य कर रहा है। संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्म जागरण और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में 21,500 सेवा प्रकल्पों के माध्यम से जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गीता गुप्ता ने जनजातीय वीरों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। अंग्रेजी हुकूमत उनके प्रभाव से इतनी भयभीत थी कि उन्हें साजिश के तहत जहर देकर मौत के घाट उतार दिया गया। आज पूरा देश उनके बलिदान और जनजातीय समाज के अद्वितीय योगदान को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में याद कर रहा है। इस अवसर पर उमेश शर्मा, वेद सेतिया, संजय सिंगला, लोवीना सिंगल, रमन गुप्ता सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, उनके संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया।





### 25 वीं वार्षिक जयंती पर हुआ सम्मान समारोह

सांपला। सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में रविवार को पांच दिवसीय 25वीं जयंती संपन्न हो गई। अंतिम दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमडीयू के रजिस्ट्रार कृष्णकांत गुप्ता रहे। उन्होंने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, वन्य जीव सुरक्षा तथा शिक्षा के महत्व पर बल देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डॉ संतोष हुड्डा ने की। इस समारोह में सेवानिवृत प्राचार्य और विद्यार्थी भी शामिल हुए। समारोह में लक्ष्मी गुप्ता, विशेष अतिथि सत्या मलिक, प्राचार्य डॉ रणशेर सिंह हुड्डा, डॉ एसपी यादव,जयप्रकाश, अशोक खन्ना, पूनम बनवाला, डॉ इंदू रोहिल्ला, विनोद मलिक आदि उपस्थित रहे।

## जजपा के 8वें स्थापना दिवस पर रैली होगी ऐतिहासिक

### कार्यकर्ताओं से उत्साहपूर्वक जुलाना पहुंचने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेजेपी की जुलाना जींद में 7 दिसम्बर को जननायक जनता पार्टी के 8 वे स्थापना दिवस पर होने वाली रैली के लिए रोहतक के जिला प्रभारी सुमित राणा, हल्का महम के प्रभारी उपेंद्र कादयान, हल्का कलानौर प्रभारी रवींद्र पटौदी रैली का निमंत्रण देने रोहतक पहुंचे। उन्होंने रोहतक जिले के कार्यकर्ताओं से उत्साहपूर्वक जुलाना पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि जुलाना रैली को कार्यकर्ता एक त्योहार की तरह मनाने का काम करे और बढ़ चढ़ कर रैली मे भाग ले और रैली को एक ऐतिहासिक रैली बनाने का काम करे और दुष्यंत चौटाला के हाथ मजबूत करने का काम करे। आने वाला समय जननायक जनता पार्टी का होगा। साथ में जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा भी मौजूद रहे। उन्होंने जुलाना रैली बाबत जिले के चारों हल्कों के प्रधानों की एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं की रैली के लिए ड्यूटी लगाई।




रोहतक। मीटिंग को सम्बोधित करते हल्का कलानौर प्रभारी रवींद्र पटौदी।

#### ये रहे मौजूद

प्रवक्ता एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि सुमित राणा, उपेन्द्र कादयान, भूपेंद्र बांद, हरज्ञान मोखरा,संदीप हुड्डा, दलबीर मराण, कृष्ण घणघस,राजेश गुलिया ,प्रवेश कंसाला, प्रवीण लाम्बा, प्रेमलता रवींद्र खखेता , मीना मकडौली, खुशी राम प्रजापत, राजेश राठी, अभिषेक देसवाल, आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी से दिखाई प्रतिभा

■ सहीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सहीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साह और उमंग के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर आकर्षक स्टॉल तथा प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल्स जैसे सोलर सिस्टम, वाटर प्यूरीफिकेशन प्लांट, स्मार्ट सिटी, रोबोटिक मशीनें, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रोजेक्ट, इलेक्ट्रिक सर्किट, तथा वैज्ञानिक प्रयोगों के लाइव डेमो अपने हाथों से तैयार किए। बच्चों की मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार देखकर हर कोई प्रभावित हुआ। उन्होंने बच्चों की मेहनत की खुलकर सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। अभिभावकों ने यह भी कहा कि विद्यालय द्वारा बच्चों को दी जा रही शिक्षा और प्रैक्टिकल गतिविधियाँ वास्तव में सराहनीय हैं।



महम। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते सही द रॉयल ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन डॉ. प्रदीप भारद्वाज।

#### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी अभिभावकों, मेहमानों एवं विद्यालय परिवार का हार्दिक धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और सभी अतिथियों ने सहीराम स्कूल के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## सुदामा चरित्र का किया हृदयस्पर्शी वर्णन

**रोहतक।** रामा आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस में सुदामा चरित्र का हृदयस्पर्शी वर्णन किया गया। कथा व्यास स्वामी रामानुज दास महाराज ने बताया कि सुदामा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का आधार भौतिक साधन नहीं, बल्कि निर्मल मन और भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। महराज ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार को यह संदेश देती है कि भगवान अपने भक्तों से केवल प्रेम की अपेक्षा करते हैं। निर्धन होते हुए भी सुदामा जी की भक्ति और समर्पण ने उन्हें लोक-लाज और मोह से परे भगवान का प्रिय बना दिया। उनके द्वार पहुंचते ही श्रीकृष्ण का अपने मित्र को चरणों में बैठाकर स्वागत करना भक्तों की आंखों को नम कर गया। सप्तम दिवस की कथा में आगे श्रीकृष्ण–बलराम की द्वारिका लीला, भक्त प्रहलाद चरित्र तथा विष्णु भक्त ध्रुव चरित्र जैसे प्रेरक प्रसंगों का भी सुन्दर वर्णन किया गया, जिनसे श्रद्धालुओं को भक्ति, धैर्य और सत्य के पालन का अमूल्य संदेश मिला। सतगुरु देव महंत अशोक दास जी महाराज के पावन सानिध्य में कथा का प्रभाव और भी दिव्य हो गया। उनके आशीर्वचन ने भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया और सभी को धर्म, दया एवं सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और अंतिम दिवस के पूर्व का यह विशेष अवसर अत्यंत भावपूर्ण रहा। कथा के उपसंहार पर सभी भक्तों ने विनम्रता के साथ भंडारा प्रसाद ग्रहण किया और गुरुदेव के चरणों में नमन किया।




## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग)

❖ श्री रिषी पाल सुपुत्र श्री केदार सिंह 338/25, विशाल नगर, गली नं. 5, सोनीपत ❖ मुकेश कुमार सुपुत्र श्री बनवारी लाल, विकास नगर, गली नं. 4, रेवाड़ी ❖ श्री जतिन सुपुत्र श्री सहीराम, म.नं. 360/30, देव कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राजीव कुमार, सुपुत्र श्री राम, म.नं. 258/18, भीष्मपुरा, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री अमन सुपुत्र कंवल चावला, 1807/13, पाड़ा मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कार्तिक सुपुत्र उमेश कुमार, 1060/11, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री चाहत सुपुत्र नवीन, 630/12, गढ़ी मौहल्ला रोहतक ❖ श्री भूपेंद्र सिंह सुपुत्र रोशन सिंह, 869/ए 23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार पुत्र श्री राजकुमार निवासी 1210/4, हरीपुर, पंचकुला ❖ श्री जितेंद्र सिंह सुपुत्र राकुवार भट्ठी, रविदास मंदिर, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति अन्नु सुपुत्री अशोक, गांव व डा. बलियाणा, तह. सांपला, रोहतक ❖ निधि रानी सुपुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, गांव मुमताजपुर, नाहड़, कोसली, रेवाड़ी ❖ श्री किरण भल्ला पत्नी श्रीमति राज कुमार, म.नं. 410/29, राम गोपाल कॉलोनी, रोहतक ❖ गर्वित सुपुत्र श्री जवाहर सिंह मं नं. 104 A-1, पटेल नगर, सोनीपत ❖ राजेन्द्र प्रसाद सुपुत्र श्री गोकुल सिंह, गांव जोनावास, महेन्द्रगढ़ ❖ कुणाल शर्मा सुपुत्र श्री सुनील शर्मा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सितम्बर रंगा सुपुत्र श्री अजायब सिंह, गांव सिहोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री महेश कुमार शर्मा सुपुत्र श्री माहवानंद, म.नं. 783/20, एकता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री जगरूप शर्मा सुपुत्र श्री चंद्रस्वरूप शर्मा, गांव व डा. जसिया, तह. व जिला रोहतक ❖ अनिल कुमार सुपुत्र श्री राम कुमार जांगडा, गांव पाथेडा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान सुपुत्री श्री दिनेश कुमार, गौतम नगर, गोहाना, सोनीपत ❖ खुशी सुपुत्री श्री प्रमोद, ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोला कॉलोनी, करनाल ❖ रणबीर सिंह पुत्र श्री रामसरूप सिंह निवासी बैंक कालोनी, बस स्टैंड के सामने, रोहतक रोड़, भिवानी ❖ श्री नीरज सुपुत्र सुरेंद्र सिंह, 780/34, हरी सिंह कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र मंगलीराम, मेन बाजार, नीयर खुराना अस्पताल, कलानौर, रोहतक ❖ श्री ओम सैनी पत्नी श्रीमति संतोष, शेरविंदर कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ अमित, एससीओ 410 FF, सैक्टर 8, पंचकूला ❖ डॉ. जकविंदर सिंह सुपुत्र चौधरी सूरज सिंह, गांव व डा. बन, तह. लाडवा, करनाल ❖ कृष्ण पुत्र श्री सतबीर, जुलाना, वार्ड नं.7 नियर शिव मंदिर, जीन्द ❖ शिवम सुपुत्र श्री मनोज कुमार, गांव जुलाना, जीन्द ❖ सत्यनारायण गुप्ता सुपुत्र श्री मदनलाल गुप्ता, वार्ड नं. 1, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री पंकज सुपुत्र सत्यपाल, म.नं. 163/13, हनुमान कॉलोनी, गोहाना रोड, रोहतक ❖ परविन्दर कुमार सुपुत्र भूपेंद्र सिंह चावला, 647/23, डीएलएफ कॉलोनी, रोहतक ❖ पवन कुमार सुपुत्र श्री तोताराम, सिलारपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ धनीराम सुपुत्र श्री सोहनलाल, सुलखा, बावल, रेवाड़ी ❖ धर्मसिंह सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव बिठवाना, रेवाड़ी ❖ सुशील सुपुत्र श्री धूप सिंह गांव जुलाना, जीन्द ❖ जतिन कुमार सुपुत्र श्री गणेश कुमार, उत्तम नगर, गली नं. 4, सोनीपत ❖ चन्द्र हास सुपुत्र श्री मातादीन, सलीमपुर, अटेली मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हुक्म चन्द सुपुत्र श्री प्रभाती लाल, गांव सिलाठपुर, दुलोठ जाट, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ पूनम देवी पत्नी श्री नारायण गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ बालकराम सुपुत्र श्री ताराचन्द, बुढा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ श्री सतपाल सुपुत्र श्री रामकुमार, खातीवास, झज्जर ❖ रामनिवास पुत्र श्री निहाल सिंह, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ कृतिका सुपुत्री श्री राकेश, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ काव्या सुपुत्री श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ देवेन्द्र सुपुत्र श्री ताराचन्द, गांव बुढा खेडा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ प्राची बत्तरा सुपुत्री श्री संजय, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कमला देवी पत्नी श्री नरोत्तम दास, गुजरवास, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ सन्दीप सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, वार्ड 8, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़।

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005


**कार्यक्रम** महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया, गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया

# रोहतक में 16-22 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा एवं नौका विहार का भव्य आयोजन

हर रोज सायं 5 बजे से रात 8 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इस्कॉन प्रचार समिति द्वारा इस्कॉन कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज गोकर्ण धाम में रविवार से 22 शनिवार तक हर रोज सायं 5.00 बजे से रात्री 8.00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा एवं नौका विहार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास साक्षी गोपाल दास की मधुर वाणी से भागवत कथा का वाख्यान करेंगे। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस भागवत कथा के लिए श्रीमद् भागवत कथा विशाल कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख के भाग लिया। कलश यात्रा को सनिध्य उपचार्य श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी कपिलपुरी, मुख्य यजमान एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, मुख्य यजमान बीपी जैन स्कील डेवलोपमैंट सैंटर की डायरेक्टर स्मृद्धि जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा दीपू नागपाल, नगर निगम पार्षद मुक्ता नागपाल व संस्था के प्रधान सुभाष तायल, मुख्य यजमान विजय विज, राहुल विरमानी, कृष्ण गर्ग, सन्नी मिनोचा ने धर्म की झण्डी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए कलश यात्रा को रवाना किया।



#### गोकर्ण धाम के पंडाल में कलशों की स्थापना की

कलश यात्रा गोकर्ण सरोवर श्री शनि मंदिर से शुरू होकर नेहरु कॉलोनी, माता दरवाजा, गोकर्ण धाम से होकर डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी गोकर्ण धाम के पण्डाल में कलशों की स्थापना की गई। कलश प्रसाद सेवा सुरेन्द्र बजाज द्वारा दी गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने लाल रंग चुंदरी, सिर पर विभिन्न तरह के फूलों से सजाये गये कलश लेकर नाचते गाते हुए चल रही थी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन हरिनाम सकीर्तण प्रभात फेरी 16 से 22 नवम्बर तक प्रात 6 से 8 बजे तक निकाली जाएगी। इस अवसर पर राहुल जैन, राजकुमार सैनी, कृष्णा देवी, किरन चहल, अनीता गुप्ता, उमा गोयल, मीता गुप्ता, ममता मल्होत्रा, निताई सेविनी देवी दासी, स्नेह गोयल, नीलम बंसल आदि उपस्थित थे।

### अंदर की बुराइयों का हट जाना ही परमात्मा की भक्ति का पैमानाः शास्त्री




**रोहतक।** परम पिता परमात्मा की उंगली पकड़ कर रखो, बुरे विचारों की लंका में आग लगा दो। ऐसे ही जीवन में रामराज्य आ जाएगा। मानसिक विकारों की औषधि परमात्मा है। यह विचार आर्य पारिवारिक सत्संग सभा के तत्वावधान में स्थानीय शिवाजी कॉलोनी स्थित शहीद महावीर पार्क में आयोजित तीन दिवसीय चतुर्वेद शतकम विशिष्ट यज्ञ एवं आध्यात्मिक प्रवचन के तीसरे और अंतिम दिन सहारनपुर से आए मुख्य वक्ता आचार्य रणवीर शास्त्री ने व्यक्त किये। जयपुर से आए आचार्य अवनीश मैत्री यज्ञ ब्रह्मा रहे। उन्होंने कहा कि परोपकार से सुख प्राप्त होता है। मुख्य यजमान सुरेंद्र शर्मा, ललिता, विकास, शकुंतला देवी, सुमन भाटिया, राज, अनिल दुआ, राजेश सचदेवा तथा मनीष रहे। सहारनपुर से आए भजनोपदेशक पंडित सुमित्र देव ने संसार में आकर देख लिया, संसार हमारा हो ना सका भजन सुनाकर वैराग्य का उपदेश दिया। मंच संचालन मंत्री सचिन दुआ ने किया। सभी यजमानों को स्मृति चिह्न एवं साहित्य भेंट किया गया। आर्य वीर दल की शाखाओं के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वैदिक साहित्य का स्टाल भी लगाया गया। प्रधान पवनजीत आर्य, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सहगल, संजीव सचदेवा, राकेश चावला, हितेश मदान, संदीप काहनी, सतीश, अंकुर अरोड़ा, बलराज खुराना आदि उपस्थित रहे।

## अब शहरवासी नमस्ते रोहतक ग्रीवेंस रिड्रेसल चैटबोट पर दर्ज करवा सकेंगे समस्याएं

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने लांच किए 2 पोर्टल

**सरकारी कार्यालय में प्रतिक्रिया देने को क्यूआर कोड भी लांच किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय शहरी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को सिंचाई विश्रामगृह में आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए रविवार को दो पोर्टल लॉन्च किए। इन्होंने नमस्ते रोहतक ग्रीवेंस रिड्रेसल चैटबोट ( व्हाट्सएप नंबर- 8008001798) लांच किया। जिसके माध्यम से नागरिक बेहद सरल तरीके से अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। मंत्री ने कहा कि आम जनता को सरल एवं सुलभ तरीके से सरकारी सेवाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जनता की समस्याओं के समाधान में प्रशासन की सदैव सहायक एवं सक्रिय भूमिका बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे जुड़े इन दो पोर्टल को लांच करके जिला प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इन दोनों पोर्टल से आमजन को एक अच्छी सुविधा मिलेगी और वे बिना समय गवाएं घर बैठे ही अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे।

मंत्री मनोहर लाल ने जिला में सरकारी कार्यालय में नागरिकों के अनुभव पर प्रतिक्रिया जानने के लिए प्रशासन की पहल क्यूआर कोड भी लांच किया। रोहतक ग्रीवेंस रिड्रेसल चैटबॉट के माध्यम से आम नागरिक व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाने के लिए नागरिक को सर्वप्रथम नमस्ते रोहतक बोलना होगा। इसके उपरांत विकल्प खुलने आरंभ हो जाएंगे। शिकायतकर्ता को सर्वप्रथम अपना नाम टाइप करना होगा। इसके उपरांत ग्रामीण व शहरी में से किसी एक विकल्प को चुनना होगा। अगर ग्रामीण विकल्प चुना गया है तो आगे चलकर विकल्प संख्या टाइप करनी होगी, जिसमें ब्लॉक और गांव का चयन करना होगा। इसी प्रकार शहरी विकल्प में वार्ड और कॉलोनी का चयन करना होगा। इस प्रकार से पोर्टल पर नागरिक का पंजीकरण हो जाएगा।


केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल पोर्टल लांच करते हुए। इनसेट में क्यूआर कोड।

**बिहार की जनता ने लगाई एनडीए पर मोहर :** मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एनडीए लगातार बिहार में जनहित के मुद्दों पर काम कर रहा है। बिहार की जनता ने एनडीए के कार्यों पर अपनी मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि बिहार में पूर्ण पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न हुए हैं और यह पहली बार हुआ है कि किसी भी मतदान केंद्र पर रिपोल नहीं हुआ। इस मौके पर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने इन दोनों पोर्टल की उपयोगिता बारे विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, सांपला के एसडीएम उत्सव आनंद, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, रमेश भाटिया, कुलविंदर सिक्का व मीना अटकान इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### पंजीकरण के बाद सीधे दर्ज होगी शिकायत

मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पंजीकरण के उपरांत नागरिक सीधे शिकायत दर्ज करवा सकेगा। शिकायत दर्ज करवाने के लिए विभागों की श्रेणी दी गई है। इस श्रेणी में संबंधित विभाग का चयन करना होगा। शिकायत टाइप कर अथवा लिखित शिकायत की फोटो अपलोड करके भी की जा सकती है। इतना करने के उपरांत पोर्टल मोबाइल स्क्रीन पर शिकायत की समीक्षा प्रदर्शित करेगा। शिकायतकर्ता को शिकायत सबमिट करनी होगी। उसके उपरांत पोर्टल संबंधित शिकायत पर जिला प्रशासन नजर रखने के लिए टिकट नंबर जनरेट करेगा। केंद्रीय मंत्री ने सरकारी कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों के अनुभव पर प्रतिक्रिया जानने के लिए प्रशासन की पहल क्यूआर कोड पोर्टल भी लॉन्च किया। इस पोर्टल को जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। क्यूआर कोड को स्कैन करके नागरिक अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करवा सकेंगे। स्कैन करने के उपरांत लिंक पर जाना होगा। इस लिंक पर फार्म उपलब्ध हो जाएगा।

---

### पर्यावरण संरक्षण पर विशेषज्ञों ने जताई चिंता



रोहतक। सप्तरंग संस्थान और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) रोहतक की संयुक्त ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की गईं। कार्यक्रम का विषय था पर्यावरण प्रदूषण कारण, प्रभाव और निदान की राह। विशेषज्ञों ने कहा कि जब तक आम नागरिकों में पर्यावरणीय चेतना नहीं बढ़ेगी और उपभोक्तावादी जीवनशैली में परिवर्तन नहीं आएगा, तब तक प्रदूषण रोकथाम के प्रयास अधूरे रहेंगे। मुख्य वक्ता एम्स बीडी शर्मा पीजीआईएमएस के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ध्रुव चौधरी ने कहा कि आज का पर्यावरणीय संकट प्राकृतिक नहीं, बल्कि मनुष्यजनित है। वायु प्रदूषण से सांस संबंधी बीमारियों, कंजक्टिवाइटिस, ब्रोंकाइटिस, हृदय रोगों और फेफड़ों के कैंसर के बढ़ते मामलों को उन्होंने गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि खराब हवा के कारण आम आदमी रोजाना 18 से 20 सिगरेट के बराबर प्रदूषण फेफड़ों में खींच रहा है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के अवैज्ञानिक दोहन पर रोक लगाने और लोगों में पर्यावरण चेतना जगाने की जरूरत बताई। एमडीयू की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजेश धनखड़ ने वायु, जल और मिट्टी प्रदूषण के कारणों पर प्रकाश डाला। पीजीआईएमएस के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रो. अश्विनी ने बताया कि प्रदूषण हृदय रोगों का बड़ा कारक बन चुका है। डॉक्टर रवि मोहन ने मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन की आवश्यकता जताई। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण नरूला ने कहा कि प्रदूषण बुजुर्गों के साथ युवाओं और बच्चों को भी तेजी से प्रभावित कर रहा है। आईएमए की अध्यक्ष डॉ. आरती साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नीति निर्माताओं और नागरिकों के बीच संवाद बढ़ाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. सुशीला गोदारा, प्रो. महेश गुप्ता, डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. जसमेर हुड्डा, प्रो. राजेंद्र चौधरी, लाभ सिंह हुड्डा समेत कई प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमणीक मोहन और समन्वयन परविंदर पाल ने किया।

---

# सर्कुलर रोड पर गैस लाइन बिछाने का काम बढ़ा रहा चिंता, जलापूर्ति पर पड़ सकता है संकट

■ जनस्वास्थ्य विभाग से अनुमति नहीं ली व न ही किया समन्वय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर का प्रमुख सर्कुलर रोड इन दिनों एक नए विवाद के केंद्र में है। यहां गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई अब जनस्वास्थ्य विभाग के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। कारण यह है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले एजेंसी ने विभागीय अनुमति लेने की प्रक्रिया पूरी नहीं की। तकनीकी स्वीकृति के अभाव में हो रहे इस काम को लेकर विभाग को आशंका है कि कहीं पेयजल लाइन या सीवर नेटवर्क को नुकसान न पहुंच जाए। यदि ऐसा हुआ तो शहर के कई संवेदनशील इलाकों की जलापूर्ति व्यवस्था डगमगा सकती है।

शहर की भूमिगत संरचनाओं की बात करें तो सर्कुलर रोड सबसे जटिल क्षेत्रों में आता है। यहां सड़क के नीचे पेयजल और सीवर की पाइपें समानांतर और कई स्थानों पर बेहद नजदीक से गुजरी हुई हैं। ऐसे में ड्रिलिंग या गहरी खुदाई के दौरान मामूली गलती भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि यदि किसी स्थान पर सीवर लाइन में दबाव बढ़ा हुआ हो और उसी समय समीप स्थित पेयजल पाइपलाइन में लीकेज हो जाए, तो दूषित पानी साफ पानी की लाइन में प्रवेश कर सकता है। इससे सप्लाई नेटवर्क पूरी तरह प्रभावित होता है और घरों तक पहुंचने वाला पानी असुरक्षित हो जाता है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गैस पाइपलाइन डालने वाली कंपनी ने सड़क किनारे कई स्थानों पर खुदाई शुरू कर दी है, जबकि समन्वय बैठक अथवा संरचना मानचित्रों का आदान–प्रदान तक नहीं हुआ। सामान्यत किसी भी नए पाइपलाइन प्रोजेक्ट से पहले उस क्षेत्र की मौजूदा लाइनों का अध्ययन, गहराई का मानक, क्रॉसिंग पॉइंट और जोखिम वाले क्षेत्रों को चिह्नित करने की प्रक्रिया अनिवार्य होती है। लेकिन इस मामले में विभाग को इसकी जानकारी काम शुरू होने के बाद मिली।

स्थानीय निवासियों ने भी स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में शहर के कई इलाकों में दूषित पानी की शिकायतें बढ़ी थीं, जिनमें से अधिकांश मामलों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होना मुख्य कारण पाया गया।

### दस से ज्यादा कॉलोनियों को पानी सप्लाई

सर्कुलर रोड की पेयजल लाइन शहर के दस से अधिक मोहल्लों और कॉलोनियों को पानी सप्लाई करती है। यदि पाइपलाइन किसी भी स्थान पर प्रभावित हुई तो डीएलएफ कॉलोनी, गांधी कैंप, पटेल नगर, मानसरोवर कॉलोनी, झंग कॉलोनी, सुभाष नगर, अर्जुन नगर, जवाहर नगर, आदर्श नगर और मॉडल टाउन के कुछ हिस्सों तक पेयजल आपूर्ति बाधित हो सकती है। प्रभावित क्षेत्र की संख्या को देखते हुए विभाग ने निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

### प्रशासन अलर्ट

इन्होंने शायद नगर निगम से अनुमति ली है, अगर पेयजल पाइपलाइन को कोई नुकसान होता है तो उसके लिए जांच की जाएगी। संबंधित एजेंसी अधिकारियों से इस बारे पूछा जाएगा। हालांकि पेयजल समस्या नहीं होने दी जाएगी। फिर भी किसी तरह की समस्या है तो उसका तुरंत समाधान करवा दिया जाएगा। आमजन को किसी भी तरह से परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

**- अनिल कुमार, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग**

---

## एएमएस ग्लोबल एकेडमी में वार्षिक खेल स्पर्धा व इन्वेस्टिचर सेरेमनी सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** ए.एम.एस. ग्लोबल एकेडमी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता एवं इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्ण लाल एवं राजेश आर्या रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप के.डी. ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जय कौशिक, धीरज आदर्श और ऋत्विक आर्या उपस्थित रहे। इस अवसर पर इन्वेस्टिचर सेरेमनी के दौरान नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर शपथ दिलाई गई। हेड बॉय रौनक तथा हेड गर्ल जिया बेनीवाल को सम्मानित किया गया। निदेशक मनीष कुमार ने कहा कि ए.एम.एस. ग्लोबल एकेडमी में शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है बल्कि खेल, नेतृत्व और जीवन कौशलों के माध्यम से छात्रों को समग्र विकास का वातावरण प्रदान किया जाता है।

## डॉ. कुलदीप सिंह संभालेंगे सांपला के बाबा कालीदास चैरिटेबल हॉस्पिटल का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांपला क्षेत्र में जल्द शुरू होने जा रहे बाबा कालीदास चैरिटेबल हॉस्पिटल को आज नया नेतृत्व मिल गया। रोहतक पीजीआईएमएस के पूर्व डीन और अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह को अस्पताल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। आश्रम से जुड़े बेदपाल पहलवान एवं रवि ओहल्याण तथा विक्की ने बताया कि बाबा कालीदास जी ने हमेशा सेवा को ही सर्वोच्च स्थान दिया है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए धाम परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त चैरिटेबल हॉस्पिटल तैयार कराया गया है, ताकि आस-पास के गांवों में रहने वाले लोगों को बेहतर इलाज आसानी से उपलब्ध हो सके। नियुक्ति के बाद डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य और जिम्मेदारी दोनों है। उन्होंने कहा कि बाबा कालीदास जी की शिक्षा स्वास्थ्य, सेवा और आध्यात्मिक मूल्यों को जोड़ती है, और वे इसी भावना के साथ काम करेंगे। लोगों को बेहतर उपचार, संवेदनशील सेवा और भरोसेमंद वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।



---

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

---

**अलर्ट** साइबर हेल्प डेस्क नंबर 1930 पर दर्ज करवाएं शिकायत

# पुलिस ने साइबर क्राइम, ऑनलाइन फ्रॉड व बचाव के बारे में जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि डिजिटल क्रांति के इस युग में हमारा ज्यादातर काम ऑनलाइन हो गया है। अब सक्रिय साइबर अपराधी साइबर अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। साइबर अपराधियों द्वारा जाल मे फंसाने के लिये आसान तरीके से पैसे कमाने का लालच दिया जाता है। उससे अपने अकाउंट में पैसे डलवाए जाते हैं और पैसे जब तक सैकड़ों में होते हैं तो मुनाफा जोड़कर वापस देते हैं। लेकिन जैसे ही रकम हजारों में चली जाती है तो ठगो द्वारा ठगना शुरू कर दिया जाता है। पुलिस द्वारा समय समय पर साइबर अपराध से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की जाती है ताकि आमजन सतर्क व सचेत रहकर अपने पैसे की सुरक्षा कर सके।

उन्होंने आगे बताया कि ठगी के नये तरीके के अनुसार आसान तरीके से पैसे कमाने के मैसेज के साथ एक लिंक भेजा जाता है जैसे लिंक पर क्लिक किया जाता है तो वाट्सएप पर मैसेज आता है। फिर उसके वाट्सएप पर लिंक भेजकर उसपर क्लिक करके रजिस्टर्ड होने के लिये उकसाया जाता है। व्यक्ति द्वारा जैसे ही रजिस्ट्रेशन किया जाता है तो उसके अकाउंट में 100 रुपये भेजे जाते हैं। उसके बाद उसे कहा जाता है कि अगर वह आगे भी उनका बताया टास्क पूरा करेंगे तो उन्हें कमीशन के तौर पर पैसे मिलेंगे।

जब व्यक्ति ठगो के अकाउंट में और रुपए भेजता है तो उसके खाते में और ज्यादा रुपए आते हैं। इस प्रकार शुरुआत में ठग कम रुपये भेजते हैं लेकिन बाद में उसके साथ ठगी का खेल खेला जाता है और उसके खाते से लाखों रुपये हड़प लिये जाते हैं।

### यहां करें साइबर ठगी की शिकायत



आमजन से अपील करते हुए एसपी ने कहा कि अगर सावधानी या सतर्कता रखने के बावजूद भी आपके साथ किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड हो जाता है तो घबराएं नहीं। बल्कि तुरंत साइबर धोखाधड़ी होने पर शिकायत साइबर हेल्प डेस्क नंबर 1930, अपने बैंक तथा नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें और साईबर क्राइम पोर्टल **cybercrime.gov.in** पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड कराए। प्राय देखने में आता है कि पीड़ित व्यक्ति जब 1930 पर काल करता है तो वहां कार्यरत कर्मचारी द्वारा डिटेल्स पूछी जाती है तो पीड़ित हडबडाहट में पूर्ण डिटेल्स नही देता और फोन काट देता है ऐसे मे आपकी शिकायत अधूरी रह जाती है। 1930 पर काल करने से पहले आपको पीडित का नाम, मोबाईल नंबर, निकटतम पुलिस स्टेशन, जिला, बैंक का नाम, डेबिट राशि, खाता संख्या/वॉलेट मर्चेंट, यूपीआई आईडी जिससे राशि डेबिट की गई है, धोखाधड़ी कैसे हुई इसका संक्षिप्त विवरण का पता होना चाहिए। ये सब डिटेल्स देने के बाद आपकी शिकायत दर्ज होगी तथा आपके पैसे का दुरुपयोग होने से बचाव होगा।

### ये भी करें

-व्यक्ति अपनी जीमेल आईडी व सोशल मीडिया अकाउंट पर **Two steps factor authentication** का प्रयोग करें।
-आम नागरिक व विद्यार्थी व्हाट्सएप पर किसी भी अनजान वीडियो कॉल को स्वीकार न करें।
- प्राय आजकल देखने में आया है कि छात्र अलग-अलग नाम व अन्य किसी व्यक्ति के नाम से आईडी बनाकर कई सोशल मिडिया अकाउंट का गलत प्रयोग करते हैं। जो फर्जी आईडी बनाकर अकाउंट का प्रयोग करना एक दण्डिय अपराध है। ऐसा करने पर आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाती है जिसके कारण आपका भविष्य भी खराब हो सकता है।

---

### खबर संक्षेप



#### राष्ट्रपति से मिले विद्याश्री स्कूल के बच्चे

**रोहतक।** विद्याश्री इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों के लिए शनिवार का दिन बेहद खास रहा, जब भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया। इस अवसर पर बच्चों ने न केवल राष्ट्रपति से मुलाकात की, बल्कि उनके साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल ऋषवंत कौर (रिशु सिवाच) और चेयरमैन डॉ. विकास सिवाच भी उपस्थित रहे। बच्चों ने राष्ट्रपति के सामने भजन प्रस्तुत किया और उनके साथ स्मृति स्वरूप फोटो भी खिंचवाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण अनुभवों को बच्चों के साथ साझा करते हुए उन्हें मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्रिंसिपल ने बताया कि राष्ट्रपति से मुलाकात बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। चेयरमैन डॉ. विकास सिवाच ने इसे बच्चों के लिए एक अत्यंत दुर्लभ और महत्वपूर्ण अवसर बताया, जिससे उन्हें सीखने और समझने का सुनहरा मौका मिला।



#### आईबी स्कूल में खेल समारोह का भव्य आगाज

**रोहतक।** आईबी स्कूल में 16 नवम्बर 2025 को तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह स्पिरिटस 2025 का वुडलैंड एरीना में भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन अमरजीत सिंह ढुल रहे, जिन्होंने खेल ध्वज फहराकर एवं मशाल जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल शपथ भी दिलाई। स्कूल के चारों हाउस मरकरी, सन, प्लूटो और मार्स के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अपने संबोधन में अमरजीत सिंह ढुल ने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्मार्ट स्टार्ट ब्लू शाखा के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही, आई.बी. स्कूल के अनेक पूर्व छात्र, जो वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं, भी समारोह में उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। रिले दौड़ में प्लूटो सदन ने प्रथम, मरकरी सदन ने द्वितीय तथा सन सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं ने अपने-अपने सदन का गौरव बढ़ाया।



#### प्रेमसंस ज्वेलर्स में ड्राइंग प्रतियोगिता में जमा रंग

**रोहतक।** प्रेमसंस ज्वेलर्स द्वारा 16 नवंबर को शोरूम परिसर में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता बड़े उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुई। बच्चों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करने वाले इस कार्यक्रम में अभिभावकों और प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में दो आयु वर्गों में कुल 45 बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें एक घंटे में अपनी कलाकृतियां तैयार करनी थीं। पहली श्रेणी (5 से 8 वर्ष) का विषय 'प्रकृति' रखा गया, जबकि दूसरी श्रेणी (9 से 12 वर्ष) का विषय 'बाल दिवस' निर्धारित था। निर्णायक रश्मि हल्लू ने बच्चों की कल्पनाशीलता, रंगों के प्रयोग और प्रस्तुति की सराहना की। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। पहली श्रेणी में प्रियांश जैन प्रथम, यश्वी द्वितीय और कियारा तृतीय रहीं। दूसरी श्रेणी में भुविक जैन प्रथम, रोहित द्वितीय और स्वरूप सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रेमसंस ज्वेलर्स ने सभी 45 प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक रिटर्न गिफ्ट्स और भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदान किए। पुरस्कार वितरण के बाद बच्चों ने समूह नृत्य कर आनंद व्यक्त किया। प्रबंधन ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा अद्भुत है और यह प्रतियोगिता उनके सीखने तथा आनंद लेने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुई। संस्थान ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।




#### आरकेपी स्कूल में होनहारों को किया सम्मानित

**महम।** रामकृष्ण परमहंस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में इंटर हाउस गतिविधियों के परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान सभी हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीते। विद्यालय के निदेशक साहिल दांगी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को इनाम दिए और आगे भी इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल गीता राठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे किसी राष्ट्र का भविष्य ही नहीं, उसकी सबसे बड़ी ऊर्जा भी हैं। उनकी प्रतिभा अनंत है, बस हमें उन्हें दिशा और अवसर देने की आवश्यकता है। बच्चों की कल्पनाशीलता अनंत है। हमें उनका मार्गदर्शन करते हुए उन्हें ऐसे अवसर देने चाहिए, जहां वे अपनी असली पहचान खोज सकें और नई ऊँचाइयाँ छू सकें। प्रिंसिपल ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की। संदेश दिया कि हर बच्चा अनोखा है। हर प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलना चाहिए।



#### पीएनबी में उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की

**रोहतक।** सेक्टर 1 मार्केट में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उद्योगपति जगमोहन मित्तल मुख्य अतिथि रहे। उनके अतिरिक्त पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक एनवीएसपी रेड्डी, उप महाप्रबंधक सुरेश शर्मा व पंजाब नेशनल बैंक रोहतक मंडल प्रमुख आरजू परवीन विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जगमोहन मित्तल ने पीएनबी के साथ अपने लगाव के बारे में बताया और बैंक में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और साथ में बैंक और ग्राहक सेवा की बेहतरी के लिए कुछ अमूल्य सुझाव भी दिये। महाप्रबंधक एनवीएसपी रेड्डी ने मंडल के कार्मिकों की कार्यशैली की सराहना करते हुए आगे और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया। आरजू परवीन मंडल ने सभी विशिष्ट अतिथियों और ग्राहकों का धन्यवाद किया और बेहतर ग्राहक सेवा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम मे आम जन ने बढ़-चढकर भाग लिया और बैंक कर्मियों द्वारा बैंक के सभी रिटेल उत्पादों की जानकारी दी व 50 ग्राहकों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र दिए।